लोकसभा अध्यक्ष ने चंद्रयान-3 की सफल सॉफ्ट लैंडिंग पर इसरो के वैज्ञानिकों को बधाई दी

अंतरिक्ष, विज्ञान, टेक्नोलॉजी हर क्षेत्र में भारत नेतृत्व करेगाः श्री बिरला

नई दिल्ली; 23 अगस्त, 2023: लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने चंद्रयान 3 की सफल सॉफ्ट लैंडिंग पर इसरो के वैज्ञानिकों को बधाई दी है।

श्री बिरला ने कहा कि:

'चंद्रयान-3 की सफलता हम सब के लिए अविस्मरणीय क्षण है। इसरो के वैज्ञानिकों ने जिस सफलतम रूप से चंद्रयान-3 की लैंडिंग करवाई वह ऐतिहासिक है। हमारे वैज्ञानिकों के सामर्थ्य के कारण आने वाले समय में अंतरिक्ष, विज्ञान, टेक्नालॉजी हर क्षेत्र में भारत नेतृत्व करेगा। बधाई का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी जाता है जिन्होंने वैज्ञानिकों को प्रेरणा दी और उनका हौसला बढ़ाने के लिए उनसे निरंतर जुड़े रहे। आज पूरा देश उन वैज्ञानिकों को बधाई और शुभकामनाएं दे रहा है जिन्होंने चंद्रयान-3 को सफल बनाने के लिए वर्षों तक अथक परिश्रम किया। पूरे देश में खुशी और उमंग है और यह सफलता 140 करोड़ भारतीयों के लिए सदैव रहेगी।'